# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002

**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in


## सहायक ग्रेड–3 एवं डाटाएंट्री ऑपरेटर पद हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा 2021 (AGDO21)

## ऑनलाइन आवेदन करने की विधि

Application Form में क्लिक करते ही "ON LINE APPLICATION FOR **सहायक ग्रेड–3 एवं डाटाएंट्री ऑपरेटर पर हेतु संयुक्त** भर्ती परीक्षा **2021 (AGDO21)** हेतु आवेदन पत्र **से एक पेज खुलेगा" जिसमें दी गई जानकारी** अनुसार कार्य करें ।

- ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी के सभी प्रमाण–पत्र का परीक्षण नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा नियुक्ति के पूर्व की जाएगी । अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।
- ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार हेतु अभ्यर्थी को 03 दिवस का समय दिया गया है । परीक्षा दिवस के दिन ओ.एम.आर. / **OMR** उत्तरशीट पर कोई त्रुटि सुधार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी ।
- आवेदन भरने के पूर्व विभाग द्वारा जारी भर्ती नियमों को ध्यान से पढ़े ।
- आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पास अनिवार्य रूप से रखें ।

क्या आप विज्ञापित पद के लिए अपेक्षित अर्हताएं रखते है? O हॉ O नहीं
(हॉ की स्थिति में आवेदन फार्म भरने हेतु खुलेगा)

**Are you CG Domicile ?** (क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हैं ?) O हॉ O नहीं
(हॉ की स्थिति में आवेदन फार्म भरने हेतु खुलेगा)

Post Applied For :- (आवेदित पद)

कृपया प्राथमिकता क्रम में सभी विभागों का चयन करें :
सहायक ग्रेड–3 पद हेतु –

| क्र. | विभाग का नाम | पद का नाम एवं संख्या |
|---|---|---|
| 1 | छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, रायपुर | सहायक ग्रेड–3 –63 |
| 2 | छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड | नि.श्रे.लि. (सहायक ग्रेड–3) –02 |
| 3 | राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर | सहायक ग्रेड–3–03 |

कृपया प्राथमिकता क्रम में सभी विभागों का चयन करें :
डाटाएंट्री ऑपरेटर पद हेतु –

| क्र. | विभाग का नाम | पद का नाम एवं संख्या |
|---|---|---|
| 1 | राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, छ.ग. रायपुर | डाटाएंट्री ऑपरेटर –05 |
| 2 | एन्टी करप्शन ब्यूरो, रायपुर | डाटाएंट्री ऑपरेटर–01 |
| 3 | छ.ग. राज्य संपरीक्षा, रायपुर | डाटाएंट्री ऑपरेटर –01 |
| 4 | राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर | डाटाएंट्री ऑपरेटर –02 |

इसके पश्चात् अभ्यर्थी के संबंध में बिन्दुवार मांगी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक भरें, जो निम्नानुसार है :–

1. कृपया अपना स्वयं का फोटो अपलोड करें । (40kb to 60 kb)
2. कृपया अपना हस्ताक्षर का फोटो भी अपलोड करें । (20kb to 40 kb)
3. Candidate`s Name- अभ्यर्थी अपना नाम अंग्रेजी के केपिटल अक्षर में लिखें ।
4. Select Relation Type- अभ्यर्थी अपने रिलेटिव का चयन करें, उसी अनुसार Father/Mother/Husband–(पिता, माता, पति) में किसी एक को सेलेक्ट करें । उपरोक्तानुसार नाम में से संबंधित के नाम को केपिटल अक्षर में लिखें। नाम के पहले श्री/श्रीमती/स्व. आदि न लिखें।
5. Date of Birth- जन्मतिथि को (दसवीं की अंकसूची में दर्शाये अनुसार) दिनांक, माह एवं वर्ष में ड्राप डाउन बॉक्स से सेलेक्ट करें । (जैसा कि 27 दिसंबर 1987 को दिनांक के बॉक्स में 27, माह के बॉक्स में दिसंबर एवं वर्ष के बॉक्स मे 1987 सेलेक्ट करें)
6. Gender में (लिंग) पुरूष, महिला या तृतीय लिंग जिससे आप संबंधित हैं, सेलेक्ट करें।
7. Category (Caste)- में श्रेणी जिससे आप संबंधित हैं, सेलेक्ट करें।
8. Are you Ex-Servicemen (भूतपूर्व सैनिक) में यदि आप भूतपूर्व सैनिक से सम्बंध रखते हैं तो Yes सेलेक्ट करें अन्यथा No सेलेक्ट करें ।
9. Are you Person with Disability (PWD) में (दिव्यांग वर्ग) क्या आप दिव्यांग वर्ग से संबंधित है ? Yes या No सेलेक्ट करें।
10. Fees- अपनी श्रेणी/जाति अनुसार परीक्षा शुल्क अदा करें ।
11. Marital Status: (वैवाहिक स्थिति) – यदि आप विवाहित है तो हॉ Yes अन्यथा नहीं No को सेलेक्ट करें ।
12. Contact Information- पत्राचार हेतु पूरा पता – अभ्यर्थी अपना डाक का पता को House No. में मकान नंबर (यदि हो तो) Street Name में सड़क/मोहल्ला का नाम, City/Village में शहर/गॉव का नाम, Post Office में अपने डाकघर अंकित करें। District में निवास जिले का नाम सेलेक्ट करें । State में यदि आप छत्तीसगढ़ राज्य में निवास करते हैं तो छत्तीसगढ़ को सेलेक्ट करें अन्यथा Other को सेलेक्ट कर उस राज्य का नाम और जिले का नाम अंकित करें । पिन में अपने डाकघर का पिन कोड अंकित करें।
13. Region- शहरी अथवा ग्रामीण में से चयन करें ।
14. Mobile No.- में अपना 10 डिजिट का मोबाइल नंबर अंकित करना अनिवार्य है। मोबाइल नंबर के पहले शून्य (0) न लिखें ।
15. Email Id- प्रत्येक आवेदक का ईमेल आई.डी होना अनिवार्य है । यदि नहीं है तो अपना ईमेल आई.डी. अवश्य बना लें तथा इस वैध ईमेल आई डी को इस खंड में अंकित करें । **पोस्ट ऑफिस के माध्यम से एडमिट कार्ड या कोई भी जानकारी नहीं भेजी जावेगी।**
16. Exam City- परीक्षा जिला – परीक्षा हेतु निर्धारित 16 जिला मुख्यालयों में से जहॉ आपको परीक्षा देना है उसे सेलेक्ट करें।
17. Declaration- घोषणा – इसमें यह दिया गया है कि –

    ''मैं यह घोषणा करता/करती हूॅ कि, मैं भारत का/की नागरिक हूॅ, मेरे द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं के नाम, श्रेणी, वर्ग, शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, डाकपता एवं अन्य दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है, जिसके सत्यतापूर्वक और सही होने की मैं घोषणा करता/करती हूॅ । मैंने विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में दर्शित नियमों एवं व्यापम के नियमों को पढ़ा है एवं समझा है । यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिये बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है।'' को पढ़ लेवें।
18. I Agree – इसमें उपरोक्त Declaration घोषणा को पढ़कर समझने के बाद अपनी सहमति प्रकट करते हुए सहमत हूॅ पर क्लिक करें ।

19. Please enter the code shown below -

उपरोक्त सभी खण्डों को भरने (बिना खाली छोड़े) के पश्चात सिक्यूरिटी कोड को उसके ऊपर वाले बॉक्स में उसी प्रकार एंटर करें (अर्थात केपिटल लेटर्स को केपिटल लेटर्स में, स्माल लेटर्स को स्माल लेटर्स में तथा अंको को अंको में लिखें) । **इसके पश्चात Submit में क्लिक करने पर Please Confirm नाम का एक विन्डों खुलेगा जिसमें लिखा होगा ''कृपया ध्यान दें कि, एक बार उपलब्ध करायी गई जानकारी बाद में संशोधित नहीं की जा सकती है । क्या आप आगे बढ़ना** (Continue) **चाहते हैं या संशोधन** (Edit) **करना चाहते है ?**

**यदि आवेदन पत्र में की गई प्रविष्टियों से आप सहमत हैं तो** Continue **(आगे बढ़े) को क्लिक करें । यदि असहमत है और किसी प्रविष्टि को बदलना चाहते है तो** Edit **(संशोधन) को क्लिक करें,** Edit **(संशोधन) को क्लिक करने पर फिर से पूर्व आवेदन पत्र में चले जायेंगे जहां जो संशोधन या सुधार करना चाहते हैं, आप कर लेवें।**

**ध्यान रहें कि एक बार आवेदन पत्र भरकर शुल्क जमा करने के बाद आवेदन पत्र में किसी भी स्तर पर संशोधन/सुधार करने हेतु त्रुटि सुधार की सुविधा का उपयोग करें । सुधार संबंधी कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

Continue **(आगे बढ़े) को क्लिक** करने पर एक नया विन्डो खुलेगा, जिसमें Application Verification लिखा होगा । इसमें लिखे गये निर्देशों को सावधानी से पढ़े एवं नीचे दर्शाये गये **'भुगतान अनुभाग में जाने से पहले नीचे अपनी प्रविष्टियों की पुष्टि करें'** के अनुसार आपके द्वारा आवेदन पत्र में भरी गई सभी प्रविष्टियों से संतुष्ट होने के पश्चात Pay पर क्लिक करें। यदि अपने द्वारा दी गई जानकारी में त्रुटि पाते हैं एवं उससे संतुष्ट नहीं होते हैं तो नये सिरे से आवेदन पत्र को भरना होगा, जिसके लिए ऊपर में **''फिर से फार्म भरने के लिए यहॉ क्लिक करें ''** का उपयोग कर सकते हैं।

Pay पर क्लिक करने पर एक नया विन्डो खुलेगा जिसमें Registration Initiated लिखा होगा एवं इसमें आपका Registration ID एवं आपके द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि लिखा होगा । कृपया अपने भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ट्रॉन्जेक्शन स्थिति की जॉच करें। परीक्षा शुल्क पेमेंट के लिए 03 पेमेंट गेटवे उपलब्ध है । पेमेंट गेटवे –I, पेमेंट गेटवे –II, पेमेंट गेटवे –III, यदि किसी भी एक में क्लिक करते हैं तो पेमेंट के लिए ऑनलाइन विधा उपलब्ध होगा । यदि ऑनलाइन सेलेक्ट करते हैं तो इस विधा से किसी भी बैंक का डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिग की सुविधा में से किसी एक को आप चुन सकते हैं। परीक्षा शुल्क के साथ आवश्यक बैंक ट्रॉन्जेक्शन चार्जेस देय होगा। नेट बैंकिग की सुविधा भी उपलब्ध हैं ।

.................................................................